# भारत की टॉप 10 सबसे लोकप्रिय बाइक | Top 10 Bikes in India Hindi

continuegyan.com/best-bike-under-1-lakh-2020

आज के ब्लॉग पोस्ट ***Top 10 Bikes in India*** में मै आपको इंडिया के टॉप 10 ऐसी बाइक्स के बारे में बताऊंगा जो Performance और Popularity दोनों में सबसे आगे है।

क्या आपको भी रफ़्तार का शौक है? ध्यान रहे गाड़ी चलाते वक़्त हेलमेट या उपयोग जरूर करे, सावधान रहे सुरक्षित रहे। क्या आप भी अपने लिए एक शानदार बाइक खरीदना चाहते है जो Stylish के साथ अच्छा Performance भी देती हो, अगर आपका जवाब हाँ है तो आप सही जगह आये है।




## Top 10 Bikes in India 2020

## 10) Honda CB Shine

Honda CB Shine किसी भी मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए एक बेतहरीन गाड़ी है। 65 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज देने वाली ये गाड़ी बेहद किफ़ायती है, ये ना सिर्फ कम मेंटेनेंस डिमांड करती है बल्कि परफॉरमेंस में भी अच्छी है।



125cc का इंजन इसमें पॉवर भरता है और जब Honda कंपनी का नाम इंजन से जुड़ा हुआ हो तो उसके Quality और Durability पर संदेह नहीं कर सकते। Long-Term यूज़ के हिसाब से ये गाड़ी Petrol Efficient है और इंडिया में काफी पसंद की गयी है।

## 9) Bajaj Pulsar

इंडियन बाइक मार्केट में बजाज पल्सर को किसी Introduction की जरुरत नहीं है, भारत में सबसे ज्यादा बिकने वाली गाड़ियों में से एक Bajaj Pulsar अब भी ग्राहकों की पहली पसंद है। अलग-अलग Varients में आने वाली ये गाड़ी जिसके Specifications भी बदलते है, 35-50 के बीच में इसका एवरेज बदलता है जो कि इंजन की पॉवर पर निर्भर करता है।




Alloy Wheels, Comfortable Seating और शानदार Pickup इसे एक Complete Ride बनाते है। पल्सर Luxury भी है और ज्यादातर लोगो के लिए किफ़ायती भी, इसीलिए ये एक शानदार Combination है। Bajaj Pulsar की कीमत वैसे तो अलग-अलग वैरिएंट्स के हिसाब से बदलती है, लेकिन 75,000 – 1,25,000 के बीच इसके सारे मॉडल्स उपलब्ध होते है।

## 8) TVS Apache

Upper Middle Class Segment में पल्सर को Competition देने वाली गाड़ी Apache है। अपाचे अपने स्पोर्टी लुक और स्पीड रेसिंग मॉडल्स के लिए जानी जाती है। इसका Pickup इस सेगमेंट में सबसे अच्छा है और इसकी कीमत भी इसके प्रतिद्वंदी बाइक्स से थोड़ी ज्यादा है।



80,000 रुपये से शुरू होने वाली इस गाड़ी के कुछ मॉडल्स की कीमत 2,40,000 रुपये तक भी जाती है, हालाँकि उन मॉडल्स को ख़ास तौर पर रेसिंग के हिसाब से बनाया गया है। भारतीय सड़को पर Apache एक Sports Bike का लुक देती है और परफॉरमेंस में बिलकुल खरी उतरती है। TVS ने इस बाइक में समय के साथ कई सारे बदलाव किये है और ये युवाओं के बीच खासी लोकप्रिय भी है।

## 7) Yamaha FZ

पहले कभी केवल स्पोर्ट्स बाइक के लिए मशहूर यामाहा कंपनी अब मिडिल क्लास सेगमेंट के लिए भी बाइक्स बनाती है। पिछले कई सालो से इसने इंडियन मार्केट में अपनी जगह बनाने की कोशिश की है, यामाहा की FZ उन्हीं में से एक है। शानदार स्पोर्टी फ़ीचर और पावरफुल इंजन इसे रफ़्तार देता है, स्पीड के शौक़ीन लोगो के लिए यामाहा की बाइक्स Perfect बाइक है।




150cc या उससे ज्यादा का इंजन ही यामाहा की बाइक्स में इस्तेमाल किया जाता है, यामाहा की सारी बाइक्स को सेफ्टी स्टैंडड्र्स पर बारीकी से टेस्ट किया जाता है। इस बाइक का एवरेज भी भारतीय सड़को के हिसाब से अच्छा है, आमतौर पर ये 53 किलोमीटर प्रति लीटर का एवरेज देती है जो की इसके High Power इंजन के हिसाब से बहुत अच्छा है।

## 6) Honda Hornet

मार्च 2018 में लॉन्च की गयी हॉर्नेट मार्केट में अभी सबसे नयी बाइक एंट्री है। ऑटो एक्सपो में सबसे पहले इसको लॉन्च किया गया था जहाँ इसके पॉवरफुल इंजन और Drifting स्किल्स को बताया गया था। लुक में बेहद स्पोर्टी और माइलेज में 42 किलोमीटर प्रतिलीटर तक चलने वाली ये बाइक Bikers के लिए एक अच्छा ऑप्शन है।



क्योंकि हॉर्नेट का ये अपडेटेड वर्जन अभी ही लॉन्च हुआ है इसीलिए मार्केट Popularity और बिक्री की भविष्यवाणी करना मुश्किल है। लेकिन फिर भी हौंडा के Brand Name के साथ इसके अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद काफी ज्यादा है।

## 5) Honda CBR

हौंडा की एक और स्पोर्ट्स बाइक CBR लम्बे समय से भारतीय सड़को पर चल रही है, अपने अच्छे प्रदर्शन की वजह से इसकी Steady और Stable सेल्स देखी जा सकती है। Telescopic सस्पेंशन, 250cc का डिस्प्लेसमेंट और Alloy Wheels के साथ ये परफॉरमेंस में बिलकुल बेहतरीन है।




ये हौंडा की प्रीमियम स्पोर्ट्स बाइक में से एक है, पहले आने वाले 160cc के मॉडल को कंपनी द्वारा बंद कर दिया गया है और इसीलिए अब सड़को पर 250cc के मॉडल भी कम ही दिखाई पड़ती है। इसकी कीमत 1.6 लाख से शुरू होती है जो On-Road बढ़ जाती है।

## 4) Royal Enfield Classic 350

रॉयल एनफील्ड जो कुछ समय के लिए मार्केट से बाहर सी हो गयी थी उसने इस बाइक से अपनी वापसी की और इस शानदार बाइक के लिए प्री-बुकिंग और वेटिंग की लाइन लग गयी। 350cc का इसका इंजन इसके पॉवर फोर्क्स को साफ़ बताता है।




हालाँकि ये बाइक एवरेज में थोड़ी पीछे है लेकिन लुक और शौक के आगे एवरेज की परवाह कौन करता है। कंपनी द्वारा इसका माइलेज 37 किलोमीटर प्रति लीटर बताया जाता है, इसकी कीमत 1.33 लाख से शुरू होती है जो इन्शुरन्स और टैक्स के बाद बढ़ जाती है। काफी लम्बे समय से इसकी प्री-बुकिंग 6 महीने आगे तक की चल रही है।

## 3) KTM RC 200

इंडिया की बेस्ट स्पोर्ट्स बाइक में से एक KTM RC200 की अपनी एक अलग ही जगह है, ये केवल स्पोर्ट्स और रफ़्तार पसंद लोगो के लिए ही बनी है। 200cc का इसका इंजन पॉवर और Pickup को सपोर्ट करता है और इसका लुक भारतीय सड़को पर इसकी पहचान है।




सड़क पर कोई भी इस बाइक को बिना देखे निकल नहीं सकता, KTM RC 200 का एवरेज 32 किलोमीटर प्रति लीटर का है जो इसकी तूफानी स्पीड के हिसाब से ठीक है। इसकी कीमत 1.7 लाख से शुरू होती है और ब्रांड वैल्यू के आधार पर इसकी Resale वैल्यू भी ज्यादा होती है। सेफ्टी स्टैंडर्ड्स और क्वालिटी में इस बाइक का कोई जोड़ नहीं, इसे भारत के बाहर ही Manufacture किया जाता है।

## 2) Royal Enfield Thurderbird 350

रॉयल एनफील्ड की एक और पॉपुलर बाइक जो लम्बे समय से शौकीनों की पसंद रही है। थंडरबर्ड अपने कम्फ़र्टेबल सीटिंग और पॉवर के लिए फेमस है, 350cc का इंजन, ट्यूबलेस टायर्स, टेलीस्कोपिक सस्पेंशन इसे परफॉरमेंस के लिहाज से सबसे आकर्षक बाइक बनाती है।




इसकी Comfortable Seating और Quality स्टैंडर्ड्स की वजह से इस बाइक ने अपने लिए एक अलग ही सेगमेंट बना लिया है। जो भी व्यक्ति बुलेट या थंडरबर्ड बाइक खरीदने की सोचता है वो फिर Price और Specification को कम ही देखता है। इसकी कीमत 1.7 लाख तक होती है, इस मॉडल में और कोई वेरिएंट नहीं है।

## 1) KTM DUKE 390

इंडिया की सबसे Costly/महंगी बाइक में से एक KTM 390 भारतीय सड़को पर कम ही देखने को मिलती है, लेकिन फिर भी इसकी पॉपुलैरिटी और परफॉरमेंस में कोई कमी नहीं है। इसकी डिमांड भारत के मेट्रो शहरो में ज्यादा होती है, जहाँ इसके खरीददार भी ज्यादा होते है।




372cc का इसका इंजन ये साफ़ बताता है कि ये एक फास्ट स्पोर्ट्स बाइक है। इसकी स्लीक डिज़ाइन और कम्फ़र्टेबल सीटिंग तेज़ रफ़्तार में भी लग्जरी का एहसास कराते है।

इस गाड़ी की EMI 7000 रुपये से शुरू होती है इसलिए कई लोग इसे आसान किश्तों में भी ले लेते है। KTM 390 DUKE 100 की रफ़्तार तक केवल 5 सेकंड में पहुँच जाती है और इसकी टॉप स्पीड भी 160 किलोमीटर प्रति घंटे की है।

क्या आप भी इन बाइक्स में से कोई खरीदना चाहेंगे या अगर आपके पास इनमे से कोई बाइक है तो उसके बारे में आप कमेंट में बता सकते है। अपनी पसंद हमें जरूर बताये आखिर कौन सी बाइक आपको Quality और Safety में सबसे अच्छी लगती है।

---

Copyright 2020 | Continue Gyan